जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-२/गोप./2023/ 190

दिनांकः 02/11/2023

प्रति,

समस्त प्राचार्य
शिक्षा महाविद्यालय,
सम्बद्ध-जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म०प्र०)

विषयः- नामांकन आवेदन पत्र जमा करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- वि.वि. अधिसूचना क्र०/जीविवि/परीक्षा-2/गोप०/2023/185, दिनांक 31.10.2023

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय में सूचित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड. बी.ए.बी.एड., बी.एससी.बी.एड., बी.एड.-एम.एड., बी.एड. (स्पेशल एज्यूकेशन) अथवा बी.एड.(पार्ट टाईम) शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय नामांकन शाखा में जमा करने हेतु निम्नलिखित दस्तावेज आवेदन के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करें:-

1. महाविद्यालय का पत्र।
2. विश्वविद्यालय द्वारा जारी सम्बद्धता/सीट संख्या पत्र की प्रति। (ई-मेल प्रति मान्य नही है।)
3. महाविद्यालय स्तर से अप्रूव्ड (Approved) नामांकन लिस्ट एंव नामांकन फार्म की प्रति।
4. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी छात्र/छात्रा का महाविद्यालय आवंटन पत्र।
5. समस्त छात्र/छात्राओं के मूल प्रव्रजन (Migration) प्रमाण-पत्र।
6. मूल अर्हता (Eligibility) प्रमाण-पत्र (केवल मध्यप्रदेश को छोड़कर अन्य समस्त प्रदेशों के बोर्ड/वि.वि. से शिक्षा प्राप्त छात्रों के लिये)
7. स्वंय छात्र एंव प्राचार्य द्वारा प्रमाणित अर्हताकारी अंकसूची की छायाप्रति (जिसके आधार पर प्रवेश लिया गया है।)
8. मूल गेप (यदि पूर्व में कोई गेप रहा है तो)

अतः समस्त शिक्षा महाविद्यालयों के प्राचार्य सुनिश्चित करें कि आपके महाविद्यालय के नामांकन आवेदन पत्रों के साथ उपरोक्तानुसार दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न हों एंव निर्धारित तिथि के भीतर जमा किये जावें। अन्यथा की स्थिति में नामांकन आवेदन स्वीकार नही किये जावेगें तथा निर्धारित तिथि उपरांत प्रतिछात्र बिलंब शुल्क के साथ ही जमा किये जावेगें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र/छात्रा एंव प्राचार्य की होगी।

2/11/23

परीक्षा नियंत्रक